# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- पिकौरा की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 05.07.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम- पिकौरा की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढ़ेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 दयानंद

2.का0 जितेंद्र राजभर

2.रि0म0आ0 दीपिका

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कट्या मुस्तहकम की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 05.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पविन प्रकाश के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के नेतृत्व में थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम कट्या मुस्तहकम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थ नगर की महिलाओं को एकत्रित कर के महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरो 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई की जानकारी।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजेन्द्र शाही
02.मु0आ0 गिरीश कुमार शर्मा
03.रि0आ0 दिनेश चौधरी
04.म0आ0साधना यादव
05.रि0म0आ0 आराध्या

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कोल्हुई में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्हुई में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया । तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया ।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर -**

1.उ0नि0 रामदरश यादव

2.म0आ0 नीलम

## प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना बांसी पुलिस व एण्टी थेफ्ट की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 02 मोटरसाइकिल व ₹10,000/- नकद बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण मे व सुबेन्दू सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन एवं मृत्युंजय पाठक प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक-05.07.2026 को मु0अ0सं0 119/2026 धारा 331(4),305(a) बीएनएस थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर , मु0अ0सं0 095/2026, मु0अ0सं0104/2026, मु0अ0सं0 133/2026 धारा-303(2) बीएनएस थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर व मु0अ0सं0 075/2026 धारा-331(4),305(a) बीएनएस थाना भावनीगंज जनपद सिद्धार्थनगर तथा मु0अ0सं0 69/2026 धारा-331(4),305(a) बीएनएस थाना ढेवरुआ जनपद सिद्धार्थनगर में प्रकाश में आये अभियुक्त 01.श्यामसुन्दर मौर्या पुत्र रामदयाल मौर्या, 2. इन्द्रजीत मौर्या पुत्र रामदयाल मौर्या निवासीगण मुडार खुर्द थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को पचपेडिया तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा मा0 न्यायालय से समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-**

01.श्यामसुन्दर मौर्या पुत्र रामदयाल मौर्या निवासी मुडार खुर्द थाना कोतवाली बांसी, सिद्धार्थनगर।

02.इन्द्रजीत मौर्या पुत्र रामदयाल मौर्या निवासी मुडार खुर्द थाना कोतवाली बांसी, सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

01.मोटर साइकिल-02 अदद ,

02.10,000/- रूपया नकद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 स्वामीनाथ भास्कर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.उ0नि0 संतोष सिंह एण्टी थेफ्ट प्रभारी जनपद सिद्धार्थनगर।

03.उ0नि0 हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

04.हे0का0 सुनील कुमार दूबे, रामशब्द यादव, योगेन्द्र यादव थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

05.हे0का0 जनार्दन प्रजापती, रमेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अमित यादव, इन्द्रेस यादव एण्टी थेफ्ट जनपद सिद्धार्थनगर।

06.आरक्षी अभिनन्दन सिहं एण्टी थेफ्ट जनपद सिद्धार्थनगर।

07.आऱक्षी मुकेश शर्मा थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम उसका राजा की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम उसका राजा की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

01.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय

02.उ0नि0 राम प्रसाद

03.हेड कांस्टेबल शैलेंद्र गिरी

04.म0का0 कालिंदी यादव

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पोखरभिटवा व हाईडिल तिराहा में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 05.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरभिटवा व हाईडिल तिराहा की महिलाओं/ बालिकाओं बहु-बेटी सम्मेलन कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया उनको जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना व जनपद सिद्धार्थनगर-**
उप निरीक्षक पन्ने लाल शर्मा, का0 शुभम रावत, महिला आरक्षी अनीशा सरोज, महिला आरक्षी स्नेहा मिश्रा।

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्रामसभा परगवा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 05.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्रामसभा परगवा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को  महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन  पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजकुमार यादव

02.हे0का0 अविनाश सिंह

03.म0का0 रुबी दूबे, शोभा भारती

## प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम तेनुई की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 05.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम तेनुई की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0 नि0 श्रीकृष्ण कुमार पांडेय

02.उ0नि0 तालीमुद्दीन खाँ

03.म0आ0 कंचन सिंह

04.रि0म0आ0 पूजा यादव

## प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा कुल 63.44 लीटर कोल्ड ड्रिंक (स्प्राइट) के साथ 01 नफर अभियुक्त मय 01 अदद मोटर साइकिल को बरामद कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में हरीओम कुशवाहा थानाध्यक्ष लोटन मय टीम द्वारा आज दिनांक 05/07/2026 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना लोटन पुलिस टीम के द्वारा कुल 63.44 लीटर कोल्ड ड्रिंक स्प्राइट ( एक बोरे में 740ML की कोल्ड ड्रिंक स्प्राइट की 56 बोतल व दो झोले में 02 ली की 11अदद कोल्ड ड्रिंक स्प्राइट बोतल ) के साथ एक नेपाली अभियुक्त को मय मोटरसाइकिल के साथ गांव करमैनी मोड़ से नेपाल राष्ट्र को जाने वाली पगडण्डी पर इण्डो नेपाल बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान बरामद किया गया बरामद शुदा सामान को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

1. अखिलेश यादव पुत्र तीरथ यादव साकिन कोटही माई थाना लुम्बिनी जनपद रूपनदेही राष्ट्र नेपाल।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम -**

1.उoनिo हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 राहुल गुप्ता चौकी प्रभारी हरिवंशपुर थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
3.मुख्य आरक्षी गांगुली कुमार चौकी हरिवंशपुर थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
4.मुख्य आरक्षी मो0 खुर्शीद चौकी हरिवंशपुर थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद व मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया तथा परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 5.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व मे आज दिनांक 5.07.2026 को थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र आवेदिका अनीता पत्नी रवि शंकर मौर्य ग्राम सस नी थाना उसका बाजार की जांच करते हुए पति पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद व मनमुटाव को दूर करते हुए पति-पत्नी को एक साथ विदा किया गया तथा परिवार को बिखरने से बचाया गया।

**थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 जय प्रकाश पांडे

02.कांस्टेबल अंसार अहमद

03..म0 का 0 कालिंदी यादव।

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना शोहरतगढ़ के ग्राम कोटिया में सीमा सुरक्षा बल, IB, LIU, सर्विलान्स सेल, आपरेशन कवच टीम की उपस्थिति में "ऑपरेशन कवच" (एण्टीस्मगलिंग ड्राइव टीम रोस्टर) के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन ,पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व श्री मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना शोहरतगढ़ के ग्राम कोटिया में "ऑपरेशन कवच" (एण्टीस्मगलिंग ड्राइवटीम रोस्टर) के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके सुझावों को नोट किया गया। समितियों से अपराध एवं अपराधियों के संबंध में सूचनाएं साझा करने का आग्रह किया गया, ताकि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस जनता के सहयोग से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। जनता से अपील है कि वे पुलिस के साथ यथा सम्भव सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस स्टेशन या चौकी कोटिया को दें।

**प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

## ◆थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पेदा में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में चलाया गया जागरुकता अभियान।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में ओमप्रकाश मिश्र थानाध्यक्ष पथरा बाजार के नेतृत्व में आज दिनांक 05.07.2026 को थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पेदा में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा लोगों को बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य है तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं। नशे की हालत में वाहन न चलाएं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाएं तथा ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग एवं गलत दिशा में वाहन संचालन न करें। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पम्पलेट वितरित कर दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए। थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा आम जनमानस से अपील की गई कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(II) के तहत महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा 10 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.07.2026 महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा 12 परिवारो को एक साथ विदा किया गया। निम्न 10 परिवारो को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय,व काउंसलिंग टीम मे महिला म0हे0का0 रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, म0आ0 शिखा खरवार, म0आ0 प्रगति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावली का विवरण -**

01-आशीष पुत्र अखिलेश्वर साकिन बिडरा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
02-सुनीता पत्नी भोला साकिन सेखुइया थाना उसका बाजार  जनपद सिद्धार्थनगर
03- सबा खातून पुत्री रिजवान अहमद साकिन वार्ड नं0 2 मील कालोनी बढनी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर
04- रुबी पत्नी नवाब अली साकिन सुल्तानपुर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर
05- पुष्पा पुत्री रामकिशोर साकिन छितौना थाना बांसी जनपद सिद्धार्थगर
06-पुष्पा पुत्री रामकिशोर साकिन छितौना थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर
07-अंजना विश्वकर्मा पत्नी अरुण साकिन तिघरा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर
08-सोनू पती मनीषा साकिन बनगवा पड़ाईन थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर
09-सोनू पत्नी सरिता साकिन सोनहा बनही जंगल थाना सोनहा जनपद बस्ती
10- संजय कुमार पुत्र प्रमोद कुमार साकिन डिमनगर टोला सरौला थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 05.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 05.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।